वर्द्धमान News

Digital Edition

शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 41 (वार्षिकोत्सव विशेषांक) ब्यावर, 20 दिसम्बर 2025, शनिवार Email : vardhmannewsbwr@gmail.com पृष्ठ : 04 मूल्य : निःशुल्क







भामाशाहों के सहयोग से वर्द्धमान में छाई श्रृंखलाबद्ध विकास की बहार























श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक इकाइयों में भामाशाहों के विपुल अर्थ सहयोग से श्रृंखलाबद्ध विकास कार्य हो रहे हैं।

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, ब्यावर में स्व. श्री उत्तमचंद जी खिंवसरा की पुण्य स्मृति में खिंवसरा ब्लॉक श्री रिखबचंद जी श्रीमती सूरजबाला जी की सप्रेरणा से श्रीमती कंचनकुमारी जी, श्री पवन जी श्रीमती वीना श्री विशाल जी श्रीमती आरती श्री यश जी श्रीमती मुस्कान ध्रुव, मिस्टी, दियांश एवं समस्त खिंवसरा परिवार, चैन्नई द्वारा नव सज्जित विज्ञान प्रयोगशालाओं (लैब्स) का उद्घाटन किया गया।

स्व. श्रीमती प्रेमीबाई जी स्व. सेठ श्री अमोलकचंद जी सिंघवी की पुण्य स्मृति में नव सज्जित सिंघवी ब्लॉक का उद्घाटन भामाशाह परिवारजनों द्वारा किया गया।

श्री सम्पतराज जी श्रीमती मन्जू देवी, श्री मनोजकुमार जी श्रीमती रंजिता, श्री अनिल कुमार जी श्रीमती रिद्धि एवं समस्त सिंघवी परिवार चैन्नई - मरुधर में नांदियाकलां (जोधपुर)।

चि. प्रणय संग सौ. कां. राशि नाबरिया की शादी के उपलक्ष में कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री शांतिलाल जी, राकेश जी, ललित जी, प्रभव, दर्श एवं समस्त नाबरिया परिवार, ब्यावर राजेन्द्र कुमार जी, धर्मेन्द्र कुमार जी, हर्ष सौरभ गुप्ता, किशनगढ़ द्वारा किया गया।

श्रीमती सुरजीबाई जी सेठ श्री माणकचंद जी श्री सम्पतराज जी, श्री विमलचंद जी की पुण्य स्मृति में श्रीमती पारसीबाई जी, श्रीमती सूर्यकंवर जी की सप्रेरणा से रांका ब्लॉक का उद्घाटन श्री वईसराज जी श्रीमती कमलाबाई जी, श्री पदमचंद जी, श्रीपाल जी श्रीमती अनिता, श्री ललित जी श्रीमती सुमति, श्री महेन्द्र जी श्रीमती रेखा, श्री सुरेन्द्र जी श्रीमती वैशाली, श्री प्रवीण जी श्रीमती कोमल, प्रणव, नीव एवं समस्त रांका परिवार, कोडम्बाक्कम - चैन्नई, मरुधर में कुशालपुरा परिवार द्वारा किया गया।

स्व. श्री पारसमल जी मूथा की पुण्य स्मृति में श्रीमती विमलादेवी जी मूथा की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण


के अर्थ सहयोगी श्री अरविन्द कुमार जी श्रीमती पदमा, श्री अरुण कुमार जी श्रीमती सोनाली अश्मी, मोक्षा, लक्ष, कृषा, हितवी एवं समस्त मूथा परिवार, ब्यावर द्वारा किया गया।

स्व. श्रीमती पानीकंवर जी श्री चुन्नीलाल जी स्व. श्रीमती दाखीकंवर जी - श्री जुगराज जी की पुण्य स्मृति में कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री शांतिलाल जी श्रीमती सुनीता, श्री राकेश जी श्रीमती कविता श्री ललित जी श्रीमती मोना, श्री प्रणय जी श्रीमती राशि, धारवी, प्रभव, दर्श, माही, सनय एवं समस्त नाबरिया परिवार, ब्यावर द्वारा किया गया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, ब्यावर में नव सज्जित कक्षा कक्ष स्व. श्री सोहनराज जी स्व. श्रीमती उमराव देवी जी के आशीर्वाद से स्व. श्रीमती सुशीला देवी जी डोसी की पुण्य स्मृति में श्री किस्तुरचंद जी डोसी (सी.ए.) की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री संजयकुमार जी, श्री दीपककुमार जी ऐश्वर्या, हर्षिता, काजल एवं समस्त डोसी परिवार, ब्यावर द्वारा किया गया।

श्रीमती उगमादेवी जी श्री मिट्ठालाल जी मकाणा की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री ज्ञानेन्द्रकुमार जी श्रीमती अनिता, श्री कमलेश जी श्रीमती सरला, श्री कुणाल जी श्रीमती वर्षा एवं समस्त मकाणा परिवार, बैंगलोर (हाजीवास) द्वारा किया गया।

स्व. श्री गौतमचंद जी श्रीमती भंवरीबाई जी के आशीर्वाद से स्व. श्री महावीरचंद जी नाहटा की पुण्य स्मृति में नव सज्जित कक्षा कक्ष का उद्घाटन श्रीमती मंजु जी नाहटा की सद्प्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री विशाल जी, संगीता जी श्रीश्रीमाल, पूनम जी छल्लाणी एवं समस्त नाहटा परिवार, चैन्नई मरुधर में पिपलियां कलां द्वारा किया गया।



स्व. श्री कन्हैयालाल जी मकाणा की पुण्य स्मृति में श्रीमती शान्तिदेवी जी मकाणा की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री दुलराज जी श्रीमती चंचलदेवी, श्री महावीर जी श्रीमती सरिता, श्री गौरव जी श्रीमती सोनम, समक्ष, समकित, संयत, सृष्टि एवं समस्त मकाणा परिवार, ब्यावर (हाजीवास) द्वारा किया गया।

स्व. सेठ श्री रिखबचंद जी सुखानी की पुण्य स्मृति में श्रीमती रतनबाई जी सुखानी की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री प्रकाशचंद जी, श्रीमती चंदन, श्री विनयकुमार जी श्रीमती नेहा, श्रीया एवं समस्त सुखानी परिवार, रायचूर द्वारा किया गया।

स्व. श्री पूनमचंद जी खीचा की पुण्य स्मृति में श्रीमती सज्जनदेवी जी खीचा की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री संजय कुमार जी श्रीमती अंजू, श्री सिद्धान्त जी श्रीमती तान्या, प्रियंका एवं समस्त खीचा परिवार जयपुर, (बैंकॉक) द्वारा किया गया।

स्व. श्रीमती कंचनदेवी जी श्री सोहनलाल जी बोधरा की पुण्य स्मृति में श्रीमती सुशीलादेवी श्री मोतीलाल जी की सप्रेरणा से कक्ष नवीनीकरण के अर्थ सहयोगी श्री मनीष जी श्रीमती नीना बोथरा, आशना, तविषा एवं समस्त बोथरा परिवार, ब्यावर (यूएसए) द्वारा किया गया।

भामाशाहों का हुआ भव्य सम्मान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक इकाइयों में भामाशाहों के विपुल अर्थ सहयोग से श्रृंखलाबद्ध विकास कार्य हो रहे हैं।

श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय एवं भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में नव सज्जित कक्षों एवं लैब्स का उद्घाटन शनिवार प्रात:काल वैदिक एवं नवकार मंत्रोचार के साथ किया गया। वर्द्धमान ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में भामाशाह परिवारजनों का माला, साफा, शॉल, उपररणा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।





सामाहिक वर्द्धमान News Digital Edition शिक्षा का उजियारा
Education is the most Powerful weapon which you Can use to change the world
ब्यावर 20 दिसम्बर 2025, शनिवार 3

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल ब्यावर

वार्षिकोत्सव 2025 झलकियां









मुख्यअतिथि
जिला कलेक्टर
कमलराम मीणा



अध्यक्षता
जिला पुलिस अधिक्षक
रतनसिंह राठौड़























रेट्रोथीम पर हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

वक्त के साथ आगे बढ़ता वर्द्धमान...

मन के उदगार..



एस. एन. अग्रवाल (बबलू)
वर्द्धमान मल्टीमीडिया टीम एवं जनसंपर्क प्रभारी
फोटो जर्नलिस्ट, एडमिन जस्ट ब्यावर ग्रुप

अरावली की सुरम्य पर्वतमाला से घिरा नगर ब्यावर, धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगर ब्यावर....

किसी समय यह स्थान एक बीहड़ जंगल हुआ करता था इसमें अनेक तरह के हिंसक एवं सुंदर वन्य जीव विचरण किया करते थे। विदेशी लोगों को ऐसी ही एडवेंचर जगह पसंद आती थी शायद इसी लिए ब्रिटिश हुकूमत के वक्त एक अंग्रेज शासक कर्नल डिक्सन ने इस जगह को अपनी सैन्य छावनी बनाने की ठानी सच में ये उनके सपनों का ही शहर है।

01 फरवरी 1836 को स्थापित हुआ हमारा ब्यावर अब जिला बन गया है। अब तक शहर के विकास के इस सफर में अनेक लोगों का योगदान रहा है जिन्होंने धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शिक्षा एवं चिकित्सा के साथ अन्य क्षेत्रों में अपना योगदान प्रदान किया है।

महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1992 में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर की स्थापना जैन समाज के प्रबुद्ध जनों ने मिलकर की। आज यह समिति देश और दुनियां में अपनी विशिष्ट पहचान कायम करती जा रही है।

समिति के पूर्व पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी दीर्घगामी एवं वृहद सोच रखते हुए अतीत से अब तक ब्यावर शहर ही नहीं बल्कि आस पास के ग्रामीण अंचल के लोगों को अनेक प्रकल्पों की सौगात प्रदान की है। दानवीर, भामाशाहों के उदार योगदान की बदौलत श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय, भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल, वर्द्धमान रुट्स, वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, श्री वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी, स्वरांजली, नृत्यांजलि जैसे संस्थान सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के वर्तमान अध्यक्ष भामाशाह सुनील जी खेतपालिया, बहुआयामी प्रतिभा वाले व्यक्तित्व के धनी समिति के ऊर्जावान मंत्री डॉ नरेंद्र पारख अन्य पदाधिकारी गण एवं समिति के समस्त सदस्य गण अतीत को आधुनिकता का स्वरूप प्रदान करने में सतत् प्रयासरत है।

अनेक दानवीर, भामाशाहों के उदार एवं बड़े अर्थ सहयोग की बदौलत समिति नित नई ऊंचाइयां छूने की और अग्रसर है।

किसी भी संस्थान के प्रचार प्रसार के लिए उसका मीडिया प्रबंधन कुशल होना अति आवश्यक रहता है।

इसी उद्देश्य से इसी वर्ष फरवरी 2025(बसंत पंचमी) के पावन दिवस से वर्द्धमान न्यूज के पहले डिजिटल एडिशन का प्रकाशन किया गया।

समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र जी पारख की प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन से आज हम इसका 41वा एडिशन प्रकाशित कर रहे हैं।

वर्द्धमान न्यूज..... समिति द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक इकाइयों में होने वाले कार्यक्रम के समाचारों एवं उनकी बेस्ट फोटोज को विस्तृत एवं आकर्षक रूप से प्रकाशित करने एवं संस्था से जुड़ी प्रतिभावान विद्यार्थियों की उपलब्धियों को एक्सपोज करने का प्लेटफॉर्म है।

यह एक टीम वर्क है और टीम के प्रत्येक सदस्य के सक्रिय सहयोग एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत ही बेहतर परिणाम की संभावना रहती है।

मुझे यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि अब तक जो जिम्मेदारी हमारी टीम को मिली है उसका पूरी तरह से निर्वहन करने का प्रयास रहे है, टीम सदस्यों में प्रमुख अजय चौधरी, नेहा जैन, खुशबू भाटी, ईशान सांखला, राहुल मौर्य एवं अशोक भाटी का प्रमुख योगदान रहा है। कमियां अनेक हो सकती हैं उन कमियों को दुरुस्त करने के लिए आप जैसे सुधि पाठकों के सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे वर्द्धमान मल्टीमीडिया टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिल रहा है।

आप सबको सादर साधुवाद एवं हार्दिक बधाई.



वर्द्धमान का शैक्षणिक स्तर देखकर अभिभूत हुई मॉडल मुग्धा गोडसे



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री एवं मॉडल मुग्धा गोडसे ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि यह एक ऐसा शिक्षण संस्थान है, जहां मानवता ही सेवा है, सेवा ही संस्कार है। उन्होंने हर्ष प्रकट किया कि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति की ओर से एक वायुसंचालित शिक्षण संस्थानों में छात्राओं को ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिससे छात्राएं भविष्य में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा नारी सशक्तिकरण के लक्ष्य को क्षितिज तक पहुँचाने मे शिक्षा ओर संघर्ष का बहुत बड़ा योगदान है. वर्द्धमान शिक्षण समिति का कन्या शिक्षा के लिए अतुलनीय योगदान नारी सशक्तिकरण की अनुपम मिसाल है.

श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव झलकिया

















